# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री


9 शिक्षा स्वस्थ्य समाज की बुनियाद, हम सब को...





10 संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव में थिरके बच्चों...






## खबर संक्षेप

### भण्डारण व परिवहन पर निगरानी समिति गठित

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में खनिजों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर कड़ाई से रोक लगाने विभिन्न क्षेत्रों के लिए निगरानी दल का गठन किया है। निगरानी दल का गठन जिले के चिन्हांकित संवेदनशील क्षेत्रों के लिए किया गया है। अनुविभाग वार एसडीएम के नेतृत्व में गठित दल में राजस्व, खनिज, परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल है। खनिजों के अवैध खनन - परिवहन पर रोक लगाने गठित निगरानी समिति अपने प्रभार क्षेत्रों का सतत मॉनिटरिंग करेंगे। साथ ही खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करते पाए जाने पर शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित करेंगे।

### दर्रीपार वार्ड में 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ आज से

**फिंगेश्वर।** नगर के वार्ड दर्रीपार में 1 से 3 फरवरी तक तीन दिवसीय कार्यक्रम वार्डवासियों के द्वारा 5 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें गायत्री परिवार के यज्ञाचार्यों के द्वारा भजन कीर्तन एवं यज्ञ के कार्य संपादित किए जायेंगे। कार्यक्रम में 1 फरवरी को दोपहर 1 बजे से कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। दोपहर 3 से 5 बजे तक द्वारा मां गायत्री एवं यज्ञ का संदेश दिया जावेगा। 2 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक देव आह्वान 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न होगा। दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा होगी। वहीं पर 6 बजे से 7:30 बजे तक दीप महायज्ञ होगी। इसी प्रकार 3 को सुबह 10 से 5 कुंडीय यज्ञ होगा। उसके बाद प्रज्ञा पुराण तत्पश्चात विभिन्न संस्कार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। फिर पूर्णाहूति के साथ समापन होगा। कार्यक्रम को लेकर समस्त नागरिकों को गायत्री नवचेतना केंद्र के आध्यात्क वक्ता एचएल साहू, देवी भगवताचार्य परमानंद यदु ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### श्रीमद भागवत कथा महापुराण 5 से

**छुरा।** नगर के बस स्टैंड में 05 फरवरी से 11 फरवरी श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ भक्तिमय कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक पंड़ित हिमांशु कृष्ण भारद्वाज बुलंद शहर उत्तरप्रदेश होंगे। वे प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा सुनाएंगे। 4 फरवरी 2:30 बजे से भव्य कलश यात्रा, श्री गणेशादि देव पूजन एवं मंगलाचरण होगा। प्रथम दिवस 5 फरवरी को भागवत महात्म्य, वृंदावन में नारद भक्ति संवाद, धुंधकारी का मोक्ष, द्वितीय दिवस भगवान शंकर का माता पार्वती को भागवत वाचन, सुकदेव जन्म, महाभारत खण्ड परीक्षित जन्म, तृतीय दिवस परीक्षित को श्राप, सुकदेव आगमन, कपिल देहुति संवाद, ध्रुवचरित्र चतुर्थ दिवस प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीराम कथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव ,पंचम दिवस भगवान शंकर का श्री कृष्ण दर्शन, बाललीला ,माखन चोरी, गोवर्धन लीला, षष्टम दिवस गोवर्धन पूजा, रास लीला, भगवान शंकर का रासलीला में आगमन, रुखमणी विवाह,सप्तम दिवस श्री कृष्ण विवाह वर्णन, जरासन्ध उद्धार, सुदामा चरित्र, समय सुबह 10 बजे से.. पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी होगा।

### सुरक्षा कानून बिल पास कराने की मांग

**महासमुंद।** अधिवक्ता सुरक्षा कानून बिल पास कराने एवं अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि 10,00000 रुपए करने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ महासमुंद के सदस्यों ने गृह व विधि मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। जिला अधिवक्ता संघ महासमुंद के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष शिव भारद्वाज, सचिव नूतन कुमार साहू, जनक राम साहू, राजेंद्र साहू, प्रलय थिटे, योगेश चंद्राकर, भरत ठाकुर, ओम शुक्ला, संजय गिरी ने ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# विधायक ने कलेक्टर व एसपी से कहा- कुटेना रेत घाट के आरोपियों पर सक्त कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

विधायक रोहित साहू ने कुटेना घाट में खनिज इंस्पेक्टर के ऊपर प्राणघातक हमला करने वालों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई है। उन्होने कलेक्टर एसपी से बात कर कहा है कि किसी भी हालत में इन्हे न बख्शा जाए, विधि सम्मत इनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। इसके अलावा अवैध शराब, गांजा,जुआं और सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएं।

मालूम हो कि जिले में वैध-अवैध रेत खदान चलने और चलवाने की खबर हमेशा सुर्खियो में रही है। पिछले शासनकाल में खुलेआम पैरी नदी को छलनी किया जाता रहा। लोग आवाज उठाते रहे पर पूरे पांच साल कोई सुनने वाला नहीं रहा। रेत उत्खनन के काम में साथ देने वाले यही माइनिंग अधिकारी रहे जो नेताओं के ईशारो पे चलते रहे। तब कही कोई घटना-दुर्घटना नहीं हुई क्योंकि सब सेटिंग में चलता रहा। जिले के चर्चित रेत खदानों में कुटेना, सरकड़ा, तर्रा, कुरूसकेरा, सिंधौरी, चौबेबांधा जैसे कई खदान है। जिसमें वैध-अवैध रेत उत्खनन का काम नियमों को धता बताते हुए पर्यावरण की अनदेखी कर चैन माऊंटिंग मशीन से चलता रहा। इन खदानों से नेता और अधिकारी लाल हो गए। स्थानीय लोगों की बात करें तो रेत उत्खनन के कामों से तौबा कर लेते है। परंतु बाहरी लोगों के हिम्मत और दुस्साहस को देखने से लगता है कि उन्हे न तो कानून का डर है,न पुलिस से और न ही क्षेत्र की जनता से।

बीती रात कुटेना रेत घाट में जो कुछ भी हुआ निःसंदेह उसे आपराधिक घटना ही कहा जाएगा। माइनिंग विभाग के इंस्पेक्टर घाट में पहुंचते है,चैन माऊंटिंग मशीन पे कार्रवाई करते है और उनपे हमला हो जाता है। हमला करने वालों के खिलाफ इंस्पेक्टर के लिखित शिकायत पे जिले के पांडुका थाना की पुलिस ने गैर जमानती धाराओं के तहत केस दर्ज कर ली है। परंतु आरोपियो की गिरफतारी के संबंध में कोई खबर सामने नहीं आई है।

## अवैध शराब, गांजा, जुआं और सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए

### बेकाबू दौड़ रहे वाहन

बताते है ये घाट अभी स्वीकृत नही है। बावजूद यहां रेत उत्खनन का काम खुलेआम जारी था। आखिर इस तरह का दुस्साहस किसके शह पर हो रहा था? ये देखने वाली बात है। अवैध रेत उत्खनन से जुड़े तत्वो ने सीएम और विधायक का खास होने का धौंस भी दिखा रहे थे। जबकि ये शिकायत विधायक रोहित साहू को मिली तो उन्होने तत्काल इस पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। धमतरी जिले के कुरूद क्षेत्र के खदानों की शिकायत तो आए दिन मिलते रहती है। जिले का सबसे बड़ा शहर राजिम और नदी के दूसरे तरफ रायपुर जिले का बड़ा सिटी नवापारा है।





कुटेना घाट में कार्रवाई करने पहुंची थी टीम

खनिज विभाग की टीम पर रेत माफियाओं का हमला

### गलत कार्यों को नहीं दिया जाएगा प्रश्रय

हरिभूमि से चर्चा करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि कुटेना रेत घाट में खनिज इंस्पेक्टर के ऊपर हमला करने वालो और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी ▸▸ शेष पेज 8 पर

## हादसा: परिवाहन के लिए सैकड़ों ट्रकों का तांता

# हाईवे पर धान से भरा ट्रक पलटा, चालक का टूटा हाथ, बाइक सवार तीन युवक गढ्ढे में गिरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

- नेशनल हाईवे में हुआ सड़क हादस, बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में इन दिनों दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। धान खरीदी केन्द्रों में धान परिवाहन के लिए सैकड़ों ट्रकों से इन दिनों धान का परिवाहन किया जा रहा है। ओवरलोड़ वाहन और ऊपर से सड़क सकरी तथा सड़क किनारे बड़े-बड़े गढ्ढे दुर्घटना के कारण बन रहे हैं। बुधवार को सुबह 9 बजे के आसपास मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर बाजाघाटी मोड़ के पास धान से भरी ट्रक जैसे ही एक अन्य वाहन को साईड देने के लिए चक्का को सड़क से नीचे उतारा ट्रक पलट गई और ट्रक चालक का हाथ टुट गया मैनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर तत्काल चालक को अस्पताल भेजा गया है, तो वहीं सड़क में घंटो जाम लग गई। पुलिस द्वारा भारी मशक्कत के बाद जाम को हटाया गया और सड़क बहल किया गया देर शाम तक पलटी हुई ट्रक से धान को अन्य ट्रक में लोड किया जा रहा है। पिछले एक माह के भीतर इस मार्ग में 06 धान से भरे ट्रक पलट चुका है,मैनपुर से 22 किलोमीटर दूर तौरेंगा के पास पिकअप वाहन पेड़ से जा टकराया जिससे पिकअप के सामने का हिस्सा पूरी तरह चकनाचुर हो गया है। यह पिकअप रायपुर के साहू ट्रेवल्स का है जिसमें फल लेकर देवभोग जा रहा था। इदागांव के समीप दो धान से भरी ट्रक देर शाम 06 बजे के आसपास साईड़ देते फंस गया है, जिससे लगभग एक घंटे तक जाम लगा हुआ है।





### बाइक 10 फीट खाई में गिरा, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

मैनपुर देवभोग मार्ग में गोहरापदर के आगे चिचिया के पास बुधवार को दोपहर 3:30 बजे के आसपास एक मोटर सायकल में तीन लोग सवार होकर तेज गति से देवभोग के तरफ जा रहे थे। अनियंत्रित मोटर सायकल 10 फीट खाई सड़क किनारे घुस गया। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो युवक के कमर में गंभीर चोट आया है। देवभोग के तरफ से मैनपुर लौट रहे कांग्रेस के ब्लॉक महामंत्री गेंदु यादव ने तत्काल घटना स्थल पर घायलों की मदद की। 108 संजीवनी एक्सप्रेस को फोन कर घायलों को देवभोग अस्पताल भिजवाया गया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# जिले में अब 4 तक होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है। राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। धान बेचने से शेष रह गये किसान भी आसानी से अपना धान बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा धान खरीदी 4 फरवरी तक करने संबंधी आदेश जारी किया गया है। जिले में शनिवार 3 एवं रविवार 04 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह की जायेगी। गौरतलब है कि विपणन वर्ष में धान खरीदी के लिए निर्धारित अवधि में प्रत्येक शनिवार को उपार्जन केन्द्रों में लेखा मिलान और रविवार को सामान्य अवकाश के कारण खरीदी बंद रहती है। ऐसा पहली बार होगा कि 03 फरवरी शनिवार और 04 फरवरी रविवार को भी किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे। किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है।



- शनिवार एवं रविवार को भी होगी धान खरीदी

# 100 मीटर परिधि कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

- साइलेंस जोन संबंधी पोस्टर, बैनर के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा ध्वनि प्रदूषण रोकने जारी निर्देश के परिपालन में जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल, समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय, अन्य न्यायालय तथा समस्त शासकीय कार्यालय के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस) घोषित किया गया है। शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने शासकीय परिसरों के बाहर साइलेंस जोन का पोस्टर, बैनर लगाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये है। इसी तारतम्य में शासकीय परिसरों में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र से संबंधित पोस्टर-बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शासकीय अस्पतालों, कार्यालयों, न्यायालयों आदि में साइलेंस जोन लिखा हुआ पोस्टर लगाकर ध्वनि प्रदुषण के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं करने का जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस अवधि में कोलाहल यंत्रों के उपयोग एवं ध्वनि प्रदुषण प्रावधानों के उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# 28 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में पोस्ट मास्टर हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ चौकी थाना मैनपुर द्वारा 28 लख रुपए की धोखाधड़ी करने वाली पोस्ट मास्टर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना से मिली जानकारी अनुसर प्रार्थी प्रेमलाल सिन्हा, रेखराम साहू, परमेश्वर सांग, एवं अन्य खाताधारक ग्राम दरीपारा पोस्ट ऑफिस में संचालित डाकघर में खाता खुलवाकर पैसा जमा किये थे। जिसे पोस्ट मास्टर नरभु राम ध्रुव उम्र 39 वर्ष निवासी दरीपारा द्वारा खातों में जमा किये रकम व जमा हेतु दिये रकम कुल करीबन 28,31,176 को धोखाधड़ी कर निकालकर गबन कर लिया कि शिकायत जांच पर आरोपी नरभु राम धुव्र के खिलाफ धारा 420, 409 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी मैनपुर बाजी लाल सिंह के निर्देशन मार्गदर्शन में बिंद्रनवगढ़ चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक यदुराज ठाकुर के द्वारा मामले के आरोपी पोस्ट मास्टर को हिरासत में ले कर पूछताछ करने पर उक्त आरोपी द्वारा बताया कि गबन किये राशि के पैसों से खरीदे मोटर सायकल पेशन प्रो, किमती 70 हजार रुपये एक महिन्द्रा ट्रैक्टर किमती 8 लाख 50 हजार रुपये व थ्रेसर किमती 2.50 लाख रुपये को खरीदना बताया। जुर्म कबूलने पर उक्त आरोपी से गबन के पैसे से खरीदे सामाग्री को जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# वार्षिकोत्सव में शामिल होंगे मंत्री बृजमोहन



**राजिम।** स्थानीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में 3 फरवरी को द्वितीय वार्षिकोत्सव का आयोजन होगा। इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धर्मस्व एवं पर्यटन शामिल होंगे। प्राचार्य संजय एक्का एवं पालक समिति के अध्यक्ष शिवराज देवांगन एवं ओमप्रकाश ठाकुर ने शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मिलकर निमंत्रण दिया। मंत्री जी ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए 3 फरवरी को मुख्य अतिथि के रूप में आने का समय दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रोहित साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखा-जितेन्द्र सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम एवं लोकेश पाण्डेय मौजूद रहेंगे। प्राचार्य संजय एक्का ने जानकारी दी कि विद्यालय में वार्षिकोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। विद्यार्थियों और पालकों में बहुत उत्साह है। सभी शिक्षक और कर्मचारी वार्षिकोत्सव को यादगार बनाने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं। बहुत ही आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर होगा कि कोई मंत्री इस विद्यालय के कार्यक्रम में शामिल होंगे। यद्यपि स्वामी आत्मानंद स्कूल बने हुए इसे मात्र दो वर्ष हुए हैं लेकिन इसके पहले शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम के नाम से लगभग छः दशकों से यह विद्यालय संचालित है। बहरहाल पूरे विद्यालय में उत्साह का माहौल बना हुआ है। स्कूल कार्यक्रम के बाद मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कुंभ मेला के संदर्भ में दोपहर बाद एक विशेष बैठक लेंगे। जिसमें तीन जिले गरियाबंद, रायपुर, धमतरी के कलेक्टर, एसपी सहित सभी विभागो के विभाग प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस विशेष बैठक में राजिम विधायक रोहित साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

## समर्थ युवा सशक्त भारत की थीम पर हुआ आयोजन

# दुर्घटनाएं रोकने के लिए यातायात नियमों का करें पालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित की गई। भारत सरकार, खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में वृहद कार्यक्रम किया गया। आरक्षी केंद्र छुरा से एएसआई एमएस ठाकुर, समाजसेवी शीतल ध्रुव, प्राचार्य एनसी साहू, प्रधान पाठक निर्भय राम ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, विनोद देवांगन एवं नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक नरेंद्र साहू द्वारा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक नरेंद्र साहू ने नेहरू युवा केंद्र के उद्देश्यों को बताते हुए युवाओं को नशामुक्ति, स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान में जुड़कर कार्य करने के लिए आग्रह किया। एएसआई एमएस ठाकुर ने यातायात के संकेत चिन्ह और उनके अर्थ बताते हुए कहा कि हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। शीतल ध्रुव ने कहा कि यातायात, जीवन सुरक्षा की दृष्टि से नियमबद्ध प्रक्रिया है। सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए। प्राचार्य एनसी साहू ने बालिग होने पर परिवहन विभाग से विधिवत लाइसेंस लेकर ही वाहन चलाने के लिए जागरूक किया।



### व्यसनमुक्ति और स्वच्छता का दिया संदेश

युवाओं ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ रैली निकालकर सड़क सुरक्षा अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। बच्चों ने नगरवासियों को व्यसनमुक्ति और स्वच्छता का भी संदेश दिया। सभी बच्चों को स्वल्पाहार दिया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता केशव साहू, योगाचार्य मिथलेश सिन्हा, शिक्षक चंद्रभूषण निषाद, उमेश कुमार ढीढी, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, टकेश्वर कुमार पाल, गायत्री यदु, दुर्गेशनंदिनी साहू, आरती बंजारे, परागा ध्रुव, पीली बाई, प्रतिमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### विधायक ने वार्षिक कलेंडर का किया विमोचन



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा गरियाबंद का वार्षिक कलैंडर वर्ष 2024 का विमोचन राजिम विधायक रोहित साहू ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर जगदीश यादव, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीश हरित, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद डॉक्टर पी कुदेशिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर प्रभारी डॉ. देवेंद्र भारती, डॉ. भपेंद्र कुर्रे, डॉ. सोमी चन्द्राकार, जिला अध्यक्ष नितेश सिन्हा, जिला सचिव उत्तम साहू, संगठन के पदाधिकारी देवेंद्र घेवरिया, योगानंद चक्रधारी, सौरभ विरमानी बीपी एम, खोमेश्वर साहू, बिमला साहू, प्रकाश साहू, उदित ध्रुव, अंजना साहू, आशा पोद्दार, लेखराम वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### नाबालिग से अनाचार, युवक को 20 वर्ष की सजा

**महासमुंद।** शादी का प्रलोभन देकर नाबलिग से अनाचार के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विशेष न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक ने कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोनी निवासी 23 वर्षीय रूपेश साहू पिता धनीराम को संरक्षण अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार प्रार्थी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पुत्री कुछ दिनों से पेट दर्द की शिकायत कर रही थी। अस्पताल में डाक्टर से जांच कराया तो पता चला कि उसकी पुत्री गर्भवती है। अभियोक्त्री से पूछताछ में जानकारी दी कि अभियुक्त रूपेश साहू दो साल से प्रेम करता हूं और उनसे शादी करूंगा कहकर कई बार संबंध बनाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने पैरवी की।

### जोगीडीपा में 45 लीटर कच्ची शराब बरामद



**महासमुंद।** आबकारी टीम द्वारा आबकारी वृत्त महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत ग्राम-जोगीडीपा थाना खल्लारी में कुछ लोगों द्वारा काफी मात्रा में शराब बनाने की सूचना पर गवाहों के समक्ष नाला किनारे झाड़ियों की तलाशी ली जाने पर तीन प्लास्टिक डिब्बा में भरी हुई प्रत्येक में 15-15 बल्क लीटर कुल 45 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं पांच प्लास्टिक ड्रम में भरी हुई 100-100 किलो ग्राम कुल 500 किलो ग्राम महुआ लाहन एवं मदिरा निर्माण सामग्री बरामद किया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2011 की धारा 34(1) च 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आरोपी की पतासाजी की जा रही है। मेश्राम के नेतृत्व में हुई कार्रवाई उक्त कार्रवाई सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी सविता रानी मेश्राम के नेतृत्व में वृत्त महासमुंद ग्रामीण के प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक दरसराम सोनी तथा आबकारी उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुड़े, आबकारी आरक्षक देवेश मांझी एवं स्टाफ़ द्वारा की गई।

## पेज 7 के शेष

### गलत कार्यों को ...

कार्रवाई करने के लिए उन्होने कलेक्टर गरियाबंद और एसपी को निर्देश दिया है। विधायक श्री साहू ने कहा कि किसी भी प्रकार से गलत कार्यों को प्रश्रय नहीं दिया जाएगा। उन्होने एसपी साहब से कहा है कि अवैध शराब, गांजा, जुआं और सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर इन गलत कार्यों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ सक्त से सक्त कार्रवाई की जाएं।

## स्कूली छात्रों निकाली नशा मुक्ति रैली

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में मंगलवार को बालक मिडिल स्कूल, हाईस्कूल एंव आश्रम शाला के हजारों बच्चों द्वारा नशा मुक्ति के लिए रैली निकालकर लोगों को जन जागरुकता का संदेश दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिक्षक प्रदीप सिन्हा, टीकम पटेल, आरती गुप्ता, चंद्रिरकाशंकर साहू एंव बडी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।



## भागवत कथा का श्रद्धालुओं ने किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्राम धौराकोंट में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के सुबह दिन से लेकर नौ दिनों तक श्रीमदभागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रभर के श्रद्धालुगण पहुंच रहे है। कथावाचक पंडित आदित्य नारायण शतपथी द्वारा भागवत कथा किया जा रहा है। भागवत कथा के चलते पुरे गांव का माहौल धार्मिकमय हो गया है।



### हादसे के बाद मौके पर दो घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा

## भरेगा चौक पर ट्रक की ठोकर से यात्री बस पलटी, एक महिला की मौत एवं 27 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम भरेगा-राखी चौक में एक यात्री बस व ट्रक में जबर्दस्त टक्कर होने से यात्री बस पलट गई। जिसमें सवार एक महिला की अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई। वहीं 27 यात्रियों को चोटे आई हैं। जिसमें गंभीर रूप से घायल 15 व्यक्तियों को रायपुर शासकीय अस्पताल रिफर किया गया है तथा 8 व्यक्तियों को निजी अस्पताल कृष्णा मल्टी हॉस्पिटल में उपचार हेतू भर्ती किया गया है। बस में सवार यात्रियों से मिली जानकारी अनुसार बस में करीब 40 लोग बैठे हुए थे। अभनपुर से पाटन जा रही बस को धमतरी से रायपुर की ओर आ रहा ट्रक के जबर्दस्त टक्कर से बस दूर जाकर पलट गई। जिसमें अधिकांश यात्रियों के कंधे, कमर की हड्डी व सिर व चेहरे में चोटें आई है। सभी घायलों को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर लाया गया।

- 15 सरकारी और 8 का निजी अस्पताल में उपचार जारी

सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में उनके परिजन व नगर के लोग मदद के लिए आगे आये करीब 2 घंटे तक अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। कांकेर प्रवास से वापस रायपुर लौट रहे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को दुर्घटना की सूचना मिलने पर वह सीधे अस्पताल पहुंचे।





**विधायक ने घायलों के इलाज का दिया निर्देश :** विधायक इन्द्रकुमार साहू सहित दोनों जनप्रतिनिधियों ने दुर्घटनाग्रस्त लोगों के बारे में जानकारी लेते हुए उनका त्वरित ईलाज के लिए निर्देश दिये एवं अस्पताल में डॉक्टरों एवं दवाईयों के उपलब्धता की जानकारी ली। इस दौरान जिपं.सदस्य खेमराज कोसले, एसडीएम नवीन ठाकुर, तहसीलदार रामप्रसाद बघेल आदि प्रमुख अधिकारी गंभीर घायलों को तत्काल रिफर करने निर्देशित किये।

**चौराहे पर सिंग्नल नहीं :** वहीं दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन जिस जगह पर यह दुर्घटना हुई है वहां चारो तरफ से सड़क जुड़ती है। मुख्य चौराहे पर ही यह दुर्घटना होना साफ तौर पर लापरवाही मानी जा रही है। साथ ही सड़क बनने के बाद ऐसे प्रमुख चौराहे पर किसी प्रकार का सिंग्नल नहीं लगाया गया है। जिससे इस प्रकार की दुर्घटनायें हो रही है।

**मृतक के परिजन 25 हजार की आर्थिक सहायाता मिली :** मृतक शांति बाई पति मुकुंद साहू ग्राम तर्री गोबरा नवापारा उनके पुत्र को एसडीएम नवीन ठाकुर द्वारा तत्कालिक राशि 25 हजार रूपये प्रदान की गई।

### बाएं हाथ का टूटा कालरबोन

इस दुर्घटना मे क्षमा ओगेरे उम्र 25 वर्ष अपने एक वर्षीय पुत्र हर्ष सहित दोनों को चोटे आई है। रमेश कुमार 52 वर्ष परसुलीडीह निवासी, ईश्वरी सिन्हा उम्र 47 वर्ष अभनपुर, तारणी सिन्हा उम्र 19 वर्ष अभनपुर, नीलम सिन्हा 20 वर्ष अभनपुर, भगवती रात्रे उम्र 40 वर्ष हतवाय, संध्या रात्रे उम्र 20 वर्ष हतवाय इन सभी व्यक्तियों का निजी हॉस्पिटल कृष्णामल्टी में ईलाज चल रहा है। डॉक्टर ने बताया कि इन सभी लोगों के बाये हाथ का कालरबोन टूटा हुआ है।

### इन्हें आई चोंटे

वहीं रायपुर के लिए बिराजो बाई 55 वर्ष, बिसनी बाई पाटन, गंगा बाई 65 वर्ष खपरी दुर्ग, दिलीप यादव 45 वर्ष उतई, हेमलता यादव 36 वर्ष उतई, दौलतराम 62 वर्ष परसट्ठी, किशोरी साहू अभनपुर, धनमत 70 वर्ष परसुलीडीह, रमलाबाई 48 अभनपुर, जान्वी पारधी 10 झांकी, तिलेश्वरी 30 वर्ष, दुर्गा यादव 27 गिरोला, गीता बाई 55 खोला, जयंत्री बाई 45 खोला इन सभी को रायपुर शासकीय अस्पताल में रिफर किया गया है।

## कुपोषण से लड़ने आयुष विभाग ने बनाई रणनीति दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत सभागार में एकीकृत बाल विकास परियोजना मैनपुर द्वारा गरियाबंद कलेक्टर के निर्देश पर युनिसेफ एंव आयुष विभाग के माध्यम से कुपोषण मुक्ति अभियान के लिए आज बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में मैनपुर, जाडापदर, शोभा सेक्टर के लगभग 120 आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिन्हे युनिसेफ जिला सलहाकार चित्र साहू होम्योपैथी के मेडिकल आफिसर समुन बागची द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बच्चों के कुपोषण को कैसा दूर किया जाये, इस पर विस्तार से बताया गया। पोषण वाटिका को बढ़ावा देने स्तनपान तथा अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हे पोषण आहार देकर कुपोषण से मुक्ति के लिए एक–एक आंगनबाड़ी केंद्रों में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की जानकारी दी गई।

5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित की पहचान कर उन्हे सुपोषण की श्रेणी में लाना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रशिक्षण में सेक्टर पर्यवेक्षक नीता अवधिया, कुमारी साहू, कविता ठाकुर, दसमत भारती, रजिया हसन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रुकमणी साहू, हेमिन निर्मलकर, शैलेंद्र मरकाम, बबीता ठाकुर, योगेश्वरी सोनवानी, मनीष साहू, भामेश्वरी ध्रुव, रामेश्वरी ध्रुव, कौशल्या नागेश, रेखा यादव, कमला भट्ट, ममता बांकुरे, कमला यादव, सरिता ध्रुव, बिलासो ध्रुव उपस्थित थे।

## उपभोक्ता संगठन के पदाधिकारियों ने खाद्य मंत्री दयालदास से मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन पर्वत एवं प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की टीम मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण दयालदास बघेल से मिलकर बधाई दी। साथ ही उपभोक्ता जागरूकता के क्षेत्र में एवं उपभोक्ता कल्याण निधि राज्य उपभोक्ता परिषद तथा जिला उपभोक्ता परिषद के गठन के संबंध में विस्तृत चर्चा किया। जिस पर मंत्री ने सदस्यों की बात सुनकर अमल में लाने हेतु अधिकारियों से कहा। तत्पश्चात राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन पर्वत एवं प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा उपभोक्ता संरक्षक विभाग के संचालक जितेंद्र शुक्ला से मिलकर विश्व उपभोक्ता दिवस एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को पूरे प्रदेशों में मनाए जाने की बात रखी गई तथा उपभोक्ता कल्याण निधि एवं जागरूकता कार्यक्रमों पर विभाग का ध्यान आकर्षित किया। टीम में अन्य सदस्यों के साथ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विमल डागा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र खुराना, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी , राजनांदगांव जिला अध्यक्ष दिलीप शर्मा, बालोद जिला अध्यक्ष एमआर पाटिल, रायपुर जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, हेमंत रूचंदानी मौजूद रहे।



## कौंदकेरा के युवा गिरौदपुरी पहुंचकर लिया बाबा घासीदास का आशीर्वाद

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के ग्राम कौन्दकेरा के युवाओं ने गिरौदपुरी धाम पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास जी का आशीर्वाद लिया। युवाओं ने पूजा-अर्चना कर बाबा गुरु घासीदास के जन्म स्थान, छाता पहाड़, अमृत कुंड, कुतुबमीनार, गुरु घासीदास तपस्या स्थल का भ्रमण किया। युवाओं में गणेश डहरिया सरपंच ग्राम पंचायत कौन्दकेरा, किरण टण्डन उपाध्यक्ष सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र राजिम, राजकुमार परमार, पुनम घोघरे, प्रीतम घोघरे, सुमीत बघेल, योगेश सुर्यवंशी, कमलेश मण्डल शामिल थे।

## आनंद मेले में विद्यार्थियों ने विविध व्यंजनों के लगाए स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

समीप पथ स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल में मंगलवार को भव्य आनंद मेला का आयोजन किया गया। आयोजित आनंद मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए।

जिसमें बच्चे घरों से तरह-तरह के व्यंजन बनाकर लाए थे। स्कूल के बच्चों ने मनोरंजन के साथ-साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी भरपूर लुत्फ उठाया। मेले को लेकर बच्चों में विशिष्ट उत्साह देखा गया। छोटे बच्चों से लेकर हाई स्कूल के बच्चों ने स्टाल लगाकर अनेक अनेक प्रकार के व्यंजन तैयार दुकान लगाए हुए थे। आनंद मेला के लुफ्त उठाने गांव से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे और बच्चों के द्वारा बनाए गए तरह-तरह के व्यंजन व पकवान का स्वाद लिए। बुधवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बालक एवं बालिकाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने प्रतिभा को मंच के माध्यम से उपस्थित लोगों को दिखाया। कार्यक्रम को देखने गांव से व आसपास के गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।



### 4 दिन को पूर्व संसदीय सचिव ने बताया नाकाफी, बोले-माहभर हो खरीदी

## चार दिन और रहेगी उपार्जन केंद्रों में रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के धान उपार्जन केंद्रों में अब 4 फरवरी तक रौनक बरकरार रहेगी। धान खरीदी के मामले में जिले ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है। लेकिन, ये राहत भरी खबर उन किसानों के लिए हैं जो किसी वजह से अब तक एक बार भी धान बेच नहीं पाए थे। प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए 4 फरवरी तक तिथि बढ़ाई गई है। इस दौरान शनिवार रविवार को भी केंद्रों में खरीदी जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित किसान खुश हैं। बता दें कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बुधवार को अंतिम दिवस जिले जिलेभर के लगभग साढ़े चार हजार किसानों से खरीदी की जानी शेष है। उल्लेखनीय है कि विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के लिए 1 नवंबर से जिले में 182 खरीदी केंद्रों के माध्यम से खरीदी की जा रही है। जिले में इस बार 99 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार ने प्रति एकड़ एक क्विंटल मात्रा बढ़ा दी है। जिससे नया लक्ष्य 1 करोड़ 58 हजार 756 क्विंटल हो गया।



### लक्ष्य से साढ़े 7 लाख क्विंटल से अधिक की खरीदी

जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 1 लाख 50 हजार 256 किसानों से 1 करोड़ 8 लाख 18 हजार 70 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इस प्रकार लक्ष्य से 7 लाख 59 हजार 314 क्विंटल अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। वहीं अभी भी करीब 8 हजार 500 किसान अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं। जिले में इस बार 1 लाख 58 हजार 756 पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की जानी है।

### उठाव की गति हुई तेज

पिछले चार दिन शासकीय अवकाश के कारण उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव भी प्रभावित हुआ था। बीते रविवार तक जिले के धान उपार्जन केंद्रों से कुल खरीदी का 79 लाख 74 हजार 820 क्विंटल धान का उठाव कर मिलरों को भेजा गया था। वहीं 18 लाख 85 हजार 360 क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में पड़ा था। लेकिन सोमवार और मंगलवार तक उपार्जन केंद्रों से 1 लाख 69 हजार 630 क्विंटल धान का उठाव हुआ। अब तक जिले 182 उपार्जन केंद्रों से कुल 81 लाख 44 हजार 450 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है।

## भुरकोनी में जुआ खेल रहे 3 लोग पकड़े गए, 7060 रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

काट पत्ती नाम का जुआ खेल रहे लोगों को पुलिस ने धर दबोचा है। बुंदेली चौकी के अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में जुआ खेल रहे 3 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनके खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भुरकोनी कटेल खार में कुछ लोग काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम कटेल खार पहुंची तो जुआ खेल रहे इन लोगों को पुलिस ने घेराबंदी पकड़ा, इस दौरान कुछ लोग भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों में ने पूछताछ के दौरान अपना नाम लतीफ पिता करीम हुसैन (21) निवासी कोल्दा, मुकेश पिता स्व. राधेश्याम अग्रवाल (50) निवासी पिथौरा, संजू पिता हंसदास मानिकपुरी (34) निवासी बुंदेली को मौके से पकडा और इनके कब्जे से कुल 7060 रुपए नगद जब्त करते हुए छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई में उप निरीक्षक उत्तम तिवारी चौकी प्रभारी बुंदेली, प्रआर महेंद्र ठाकुर, आर मोतीराम दीवान, मोहन ध्रुव, हिवराज कुर्रे, राकेश यादव का योगदान रहा। कोमाखान थाना पुलिस ने मुक्तिधाम के पास जुआ खेल रहे छह लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में पीयूष चंद्राकर पिता चैनलाल चंद्राकर के साथ 05 अन्य लोगों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई करते हुए नगद 1340 रुपए जब्त किए हैं।



**खबर संक्षेप**

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 रविवार 11 फरवरी 2024 को जिले के निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनरल स्टडी का पर्चा होगा एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक एप्टीट्यूट टेस्ट की परीक्षा आयोजित की जाएगी। पीएससी में जिले से 4283 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर प्रभात मलिक ने परीक्षा के सुचारू/निर्विघ्न रूप से संचालन हेतु संपूर्ण परीक्षा अवधि के लिए नोडल अधिकारी के सहायक के रूप में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा के सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र डॉ ईपी चेलक एवं सहायक प्राध्यापक वाणिज्य अजय कुमार राजा को सहायक परीक्षा प्रभारी अधिकारी (सहायक नोडल अधिकारी) नियुक्त किया है।

## घोयनाबाहरा में भागवत कथा 3 फरवरी से

**कोमाखान।** ग्राम घोयनाबाहरा कला में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन तीन फरवरी से 11 फरवरी तक होगा। ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजक झंगल राम साहू, श्रीमती बेदबाई साहू ने बताया कि प्रथम दिवस तीन फरवरी को ग्राम भ्रमण हेतु एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 4 फरवरी को श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ होगी। जिसमें परीक्षित चरित्र का वर्णन किया जाएगा। 5 को ध्रुव चरित्र, कपिल बेल अवतार, जड़भरत चरित्र, 6 को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र गजेंद्र मोक्ष,7 को समुद्र मंथन, वामन, रामकृष्ण अवतार, 8 को श्रीकृष्ण बाल लीला, रूखमणी विवाह, 9 को सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय भगवान की कथा व दीप यज्ञ, 10 को परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ौत्री व शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। अंतिम दिन 11 फरवरी को गीता पाठ, पूर्णाहुति पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। तथा इस अवसर पर भक्तों के लिए भंडारा भी रखा गया है। साहू दंपति ने बताया कि सेलूद (दुर्ग) के भागवताचार्य पं. चेलादास वैष्णव (ग्राम फेकारी) भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे। कथा दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक प्रतिदिन नवग्रह शांति सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक होगा।

## नए रोजगार पंजीयन पोर्टल में आवेदन के बाद सत्यापन कराने की जरूरत नहीं



**महासमुंद।** बेरोजगार युवाओं को अब बार बार रोजगार दफ्तर के चक्कर नही लगाने होंगे। ऑनलाइन आवेदन के बाद सत्यापन के लिए हार्ड कॉपी के साथ पंजीयन में अफसर के दस्तखत की अनिवार्यता को शासन द्वारा समाप्त किए जाने का स्वागत शिक्षित बेरोजगार कर रहे हैं। इस सुविधा से वैकेंसी निकलने के बाद रोजगार पंजीयन व नवीनीकरण रोजगार दफ्तर में लने वाली भीड़ और परेशानी से युवाओं को राहत मिलेगी। इसी माह से शिक्षितों का पंजीयन नए पोर्टल में हो रहा है। प्रदेश में शासन बदलने के बाद से रोजगार पंजीयन की प्रक्रिया में भी बदलाव कर इसे डिजिटल किया जा रहा है। युवा शासन के ई-रोजगार पोर्टल से डिजिटल पंजीयन करा सकते है और घर बैठे ही रोजगार पंजीयन कराने के लिए आवेदन कर रहे है। नए पोर्टल से रोजगार पंजीयन हो रहा है। युवा अपने एंड्राइड मोबाइल से ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। दफ्तर पहुंचने वाले का भी पंजीयन हो रहा है। इससे शहर से 80 से 100 किलोमीटर दूर से आने वाले युवाओं के लिए बड़ी राहत मिली है। कई बार सर्वर डाउन होने के कारण रोजगार पंजीयन नहीं हो पाता है। इससे युवाओं में भारी आक्रोश रहता था। अब कोई भी घर बैठे अपना रोजगार पंजीयन कर सकता है। रोजगार पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन हो गई है। ऑनलाइन पंजीयन करने के बाद कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। नए पोर्टल से रोजगार पंजीयन शुरू हो गया है। पोर्टल में युवा पंजीयन करा सकते है।

# शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का होना आवश्यक : ताकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा का वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 29 से 31 जनवरी तक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी मंचासीन हुई, अध्यक्षता सी एच पटेल प्रभारी प्राचार्य ने की विशेष अतिथि के रूप में को खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष, रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष ,नगर पंचायत भोले शंकर जायसवाल, रजनी लहरी सभापति ,मीना चंद्राकर महाविद्यालय प्रतिवेदन एवं स्वागत उद्बोधन सी एच पटेल द्वारा किया गया।

### सांस्कृतिक गतिविधियों से सराबोर हुआ महाविद्यालय





### इनकी रही उपस्थिति

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एकल युगल सामूहिक नृत्य पारंपरिक सुआ दरिया रीमिक्स पारंपरिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्राध्यापक डीआर साहू, डॉ. विनीत कुमार साहू, डॉ. सीपी सिंह, डीपी सिंह, रागिनी ठाकुर, तारिणी साहू, मधु दुबे, हेमा साहू, नेहा निषाद, नेहा चंद्राकर, यामिनी भेड़िया, ज्योति साहू, सुनीता गेहानी, यादराम, नरसिंह सोम, नागेश साहू, रमेश पंकज निर्मलकर विधायक प्रतिनिधि, पुनीत राम ठाकुर, विनोद देवांगन, कैलाश पटेल, नरेंद्र साहू के सिंह सेवन नृत्य शिक्षक हीरालाल साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र संतोष सोरी, संजू मरकाम एवं ओंकार निषाद ने किया।

तोकेश्वरी मांझी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं संस्कृत गतिविधियां होना आवश्यक है। इससे बच्चों को अन्य गतिविधियों को सीखने का अवसर मिलता है तथा प्रतिभा सामने आती है। खोमन चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थी शारीरिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से भी अपने राज्य की सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ा सकते हैं, कार्यक्रम को भोलेशंकर जायसवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का कार्यक्रम युवाओं का आगे आने का अवसर प्रदान करता है इससे पहले दो दिन तक चल खेलकूद कबड्डी, खो-खो, वेट लिफ्टिंग बैडमिंटन, एथलेटिक्स, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता एवं आनंद मेला का आयोजन हुआ।

**वार्षिकोत्सव : बच्चों ने फरटिदार इंग्लिश में भाषण, गीत और कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा**

# शिक्षा स्वस्थ्य समाज की बुनियाद, हम सब को इस पर ध्यान देने की जरूरत : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में छिपी प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिलता है। बच्चे आज इस मंच अपना प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे है। आने वाले समय में जिला और प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। उक्त बाते बुधवार को मैनपुर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मैनपुर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा -अर्चना कर विधायक जनक ध्रुव ने किया। इस दौरान छात्र - छात्राओं के मांग पर विद्यालय में रंगमंच निर्माण के लिए विधायक मद से 02 लाख रूपये देने की घोषणा की। शिक्षा स्वस्थ्य समाज की बुनियाद है और आज के बच्चे देश के भविष्य है, शिक्षा पर हम सब को सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

- आत्मानंद स्कूल में रंगमंच निर्माण के लिए विधायक ने 2 लाख रूपये देने की घोषणा की




### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राचार्य बीएस नागेश, आशीश गुप्ता, जाहिद रजा, नरेन्द्र सिन्हा, जावेद मेमन, चिरंजीव साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान विद्यालय के 132 छात्र- छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ी पारम्परिक नृत्य, सामूहिक नृत्य, नाटक और गीत संगीत के साथ वीर शहीदों को श्रध्दाजंली अर्पित करते मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों को इस कार्यक्रम को देखकर उपस्थित भींड ने जमकर प्रशंसा की और बच्चों के प्रतिभा को निखारने के लिए नगद पुरस्कार भी देकर उन्हे प्रोत्साहित किया।

### बच्चों ने इंग्लिश में कार्यक्रम प्रस्तुत की

मैनपुर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल को संचालित हुए तीसरा वर्ष हो रहा है और यहां के छोटे -छोटे बच्चों ने इंग्लिश में फर्राटेदार भाषण, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मिमोह रामटेके, हर्ष सोनी, सोनम सिन्हा, भूमिका पटेल ने किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से बीएस नागेश प्राचार्य, जावेद मेमन प्रधान पाठक, संतोश पटेल, रामेश्वरी ध्रुव, गीता यादव, गणेश बघेल, राधा साहू, मिनेश्वरी साहू, अखिल चेलक, परिमल यादव, प्रज्ञा साहू, भावना बढई, त्रिवेणी, आरती, लक्ष्मी व्यापारी, रूपेश यादव, चिरंजीव साहू, शेख फैजान, मानवी, काव्या मरकाम, काव्या गुप्ता, मीना, साक्षी, डाली साहू, खुसमिता साहू, दिप्ती, आईसा, हिमांगी, भारती, हर्शिता, तृशा, आतिफ, भास्कर, अन्या, किंचित, चित्रक्ष, सरिता, साजिया, किंजल, फरहान, साक्षी, लक्ष्य धुरव, कुलदीप दास, आनंद, मोहित, श्रीसांत, पल्लवी, सुरभि, भाव्या, सागर, यशराज, विवेक, हिमांशु, कबीर, आकांक्षा,नीलू, विजय, उबैद, जैद, आदित्य, शुभम सहित बडी संख्या में छात्र- छात्राएं व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# 102 लोगों ने किया रक्तदान





**छुरा।** रक्तदान से ज्यादा अनमोल योगदान कुछ और नहीं हो सकता,क्योंकि यह मानव जीवन की रक्षा करता है। रक्तदान न सिर्फ दूसरों की जिंदगी बचाता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायी माना गया है। इससे जुड़ी भ्रांतियों को मिटाने के लिए लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना जरूरी है।'यह बात नगर के वरिष्ठ नागरिक राजा यशपेन्द्र शाह द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कही।

रक्तदान शिविर में 102 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तदाताओं को उत्साहित करने के लिए मुस्लिम वेलफेयर कमेटी छुरा के द्वारा जागरूकता सत्रों का आयोजन किया। जिसमें कमेटी के सदस्य, स्थानीय युवाओं और विभिन्न संगठनों के सदस्यों के साथ-साथ ग्राम मित्रों ने बढ-चढ़ कर रक्तदान किया। मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष सुल्तान खान ने कहा कि शिविर में रक्तदाताओं की उत्साहित भागीदारी रक्तदान के प्रति व्यापक जागरूकता को दर्शाती है। रक्तदाता सफर सचदेव कहते हैं,'रक्तदाता होना गर्व की बात है। रक्तदान एक इंसान का दूसरे इंसान के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है।'सालों से शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाता भी सम्मानित हुए।नागरिकों को हमेशा रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया और कहा इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। इस दौरान नथमल शर्मा, अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, बीएमओ कीर्तन साहू, यशपेंद्र शाह, टीआई प्रवीण भारती, रमेश शर्मा,हाजी अब्दुल रहमान मेमन, समद खान, मोहम्मद आरीफ मेमन, अब्बास बेग, विमल पुरोहित, हरीश यादव, सफर सचदेव, मोनिका कोठरी, मक्खू दीक्षित, दीपक गुप्ता, आनन्द गुप्ता, उमेंद दीवान चंचल सिन्हा, अवधेश प्रधान, रेखा प्रधान, जमशीर कुरैशी, अब्दुल मन्नान, कादर खान, इस्माइल मेमन, परमेश्वर राजपूत, इमरान मेमन, अजीज खान उपस्थित थे।

# ब्रह्मकुमारीज के तीन दिवसीय सम्मेलन में जनप्रतिनिधि पहुंचे



**नवापारा-राजिम।** चम्पारण में ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में त्रिदिवसीय सम्मेलन दिनांक 28 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित था प्रथम दिवस आध्यात्म से आंतरिक शक्ति की पहचान द्वितीय दिवस नारी सशक्तिकरण-आंतरिक शक्ति का विकास एवं तृतीय दिवस सामाजिक समरसता सम्मेलन किया गया।

बता दें कि चम्पारण के सत्य साई प्रांगण में ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा आयोजित सम्मेलन में सुबह 8 बजे से 9 बजे तक तनाव मुक्त शिविर भी प्रतिदिन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में बिलासपुर की ब्रह्म कुमारी राखी बहन थी, अध्यक्षता नवापारा की संचालिका ब्रह्म कुमारी पुष्पा बहन विशिष्ट अतिथि के रूप के रूप में ब्रह्मानंद साहू तहसील साहू संघ अध्यक्ष, बुद्धेश्वर ध्रुव प्रदेश महासचिव ध्रुव गोंड़ समाज, वेदब्यास तारक उपाध्यक्ष छग धींवर समाज, संतोष यादव ठेठवार सभा रायपुर राज, गया राम निषाद पांचपाली अध्यक्ष, मनराखन पटेल परिक्षेत्र अध्यक्ष अभनपुर, झड़ीऱाम ध्रूव शिक्षक, शोभाराम साहू चम्पारण, टीकम चन्द साहू पूर्व सरपंच जौन्दी वक्ता के रूप में उपस्थित थे। सम्मेलन में ब्रह्म कुमारी बिंदु बहन गरियाबन्द,ब्रह्म कुमारी पूजा बहन पांडुका एवं चम्पारण की संचालिका ब्रह्म कुमारी शंकुतला बहन का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा के नेतृत्व मे बुधवार को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर से मिलकर विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी के साथ बिंदुवार चर्चा कर शीघ्र निराकरण करने कहा,जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। दस वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को समयमान वेतनमान का एरियर्स, एल बी सहित सभी संवर्गो का सेवा पुस्तिका एवं जी पी एफ पासबुक संधारित करने,चिकित्सा क्षतिपूर्ति देयकों का भुगतान, जीपीएफ पार्टफाइनल राशि का समय सीमा में भुगतान, शासन के आदेशानुसार बीच सत्र में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को सत्रांत तक सेवा में रखने, सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों का समस्त स्वतत्वों का शीघ्र भुगतान किया जाये। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर रामनारायण मिश्रा संभागीय अध्यक्ष शिक्षक संघ, सचिव आत्माराम साहू, जिला महामंत्री अजाक्स भागचंद चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष रूपलाल साहू, नेमुराम साहू, सियाराम साहू सहित संगठन के अन्य लोग मौजूद थे।




# फिंगेश्वर प्रेस क्लब की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्थानीय विश्रामगृह में फिंगेश्वर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रचनात्मक कार्यो को करने एवं पीड़ित शोषितों की मदद करने के साथ क्लब को संगठानात्क रूप से मजबूत करने पर चर्चा हुई। फिंगेश्वर क्लब के बैठक में निर्णय प्रस्ताव रखा गया कि नशामुक्ति, यातयात नियम, वृक्षारोपण, खेल प्रतियोगिता जैसे रचनात्मक कार्यो को वर्ष में तिथि अनुसार करने की अहम जिम्मेदारी प्रेस क्लब के द्वारा निभाई जावेगी। वहीं पर शोषित व दलित लोगों की समस्याओं को शासन से अवगत कराया जायेगा। प्रेस क्लब की होने वाली मासिक बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य किया गया। प्रेस क्लब में नये सदस्यों को जोड़ने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक पोद्दार, उपाध्यक्ष शेख इमरान, सचिव दुष्यंत साहू, कोषाध्यक्ष भोला साहू, संयुक्त सचिव कोमल साहू, सदस्य तरूण यदु थानेश्वर साहू, लक्ष्मी शंकर चक्रधारी आदि उपस्थित हुए।



# स्कूल के बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बकली के संयुक्त तत्वावधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें देशभक्ति, धार्मिक गीत, पंथी नृत्य करमा नृत्य की प्रस्तुति से लोगों ने खुब तालियां बजाई। इस आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि जनपद के सभापति शशिकला रात्रे, विशिष्ट अतिथि सरपंच करेलिया-मुन्ना कुर्रे, उपसरपंच मनी मिरी, थे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बकली प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र साहू ,शीतल साहू, ओमप्रकाश साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बच्चो को इस अवसर पर पुरूस्कृत किया गया।

**जिला कांग्रेस कमेटी की हुई आवश्यक बैठक, लोकसभा समन्वयक हुए शामिल**

# किसानों से किया था वादा, अब तक नहीं हुआ पूरा : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने एक्सरसाइज शुरू कर दी है। सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यरूप से प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त महासमुंद लोकसभा समन्वयक राजेश यादव शामिल हुए। इसके अलावा बैठक में पूर्व विधायक राजिम अमितेश शुक्ला आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम हू प्रदेश कांग्रेस महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू ओंकार सिंह ठाकुर प्रशासनिक महामंत्री युगल पांडेय चंद्रहास सा

उपस्थित रहे। विधानसभा चुनाव के बाद आयोजित हुए इस बैठक में राजिम फिंगेश्वर छुरा गरियाबंद मैनपुर देवभोग अमलीपदर सहित अन्य जगहों से कार्यकर्ता बड़े संख्या में शामिल हुए। महासमुंद लोकसभा के समन्वयक राजेश यादव ने मौजूद कार्यकर्ता को अपने संबोधन के दौरान जोरदार चार्ज किया। राजेश यादव ने कहा कि 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल दर पर धान खरीदी का वादा किसानों से किया था यह वादा अब तक पूरा नहीं हुआ। भाजपा की सरकार गृहणी को 5 सौ रुपए में गैस सिलेंडर कब देगी। देश में 2 करोड़ बेरोजगार युवा को रोजगार नहीं मिला। आप सब इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाए मैं आपके साथ कदम से कदम मिलाकर काम करने को तैयार हूं। महासमुंद लोकसभा समन्वयक राजेश यादव ने कहा कि चुनाव में बूथ अध्यक्ष जोन अध्यक्ष और सेक्टर अध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। श्री यादव ने कहा कि जहां बीएलए नहीं है वह तत्काल बीएलए की नियुक्ति किया जाए चूंकि यह चुनाव में महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है। आगामी लोकसभ चुनाव से पूर्व भूपेश बघेल सरकार की धान खरीदी कार्य योजना के अलावा अन्य कल्याणकारी योजना का जनता के बीच प्रचार-प्रसार किया जाए। भाजपा सरकार द्वारा किए गए झूठे वादे को जनता को बताए।



### कार्यकर्ता पार्टी की रीड़ : ध्रुव

पूर्व विधायक राजिम अमितेश शुक्ल ने कहा की भाजपा झूठे वादा कर सत्ता में जरूर आ गई है, इससे हम हताश नहीं है और कांग्रेस पार्टी के कोई भी कार्यकर्ता को हताश या निराश होने की जरूरत नहीं है। बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड है, कार्यकर्ता के पराक्रम से हमने साथ मिलकर भाजपा के अभेद गढ़ को भेदा है। विधायक जनक राम ध्रुव ने महासमुंद लोकसभा समन्वयक राजेश यादव को आश्वस्त किया कि बिंद्रा नवागढ़ से आगमी लोकसभा चुनाव में लीड दिलाएंगे। बैठक में कांग्रेस नेता शैलेंद्र साहू, जाकिर खान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष छुरा, बालमुकुंद मिश्रा ब्लॉक कांग्रेस, अध्यक्ष भूपेंद्र मांझी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमलीपदर, ललिता यादव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फिंगेश्वर, रूपेश साहू ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गरियाबंद, हाफिज खान के अलावा अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने अपने विचार व्यक्त किया।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी



**नवापारा-भेण्डरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भेण्डरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला, 4 मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के बच्चे एक साथ एक ही मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने 27 कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें शिक्षाप्रद नाटक, सामूहिक डांस, एकल नृत्य ,छत्तीसगढ़ के लोक परंपरा, धार्मिक कार्यक्रम, भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर रावण वध तक लीला के माध्यम से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सरपंच प्रीतराम देवांगन ,नीलकंठ सिन्हा सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# भागवत कथा सुनने से धुल जाते हैं जन्म-जन्मांतर के सारे पापः वर्षा नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सात दिवसीय संगीतमय भक्ति सत्संग श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन सरगोंड में 27 जनवरी से 2 फरवरी चल रहा है। हे गोपाल, राधे कृष्ण, गोविंद वंदना के साथ भागवत कथा की शुरुआत चौथे और पांचवे दिन कथा पंडाल में कथा का रसपान करने श्रोताओं की भीड़ उमड़ी। कथा व्यास से राष्ट्रीय संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अन्नपूर्णापुरी वर्षा नागर पंचायती निरंजनी अखाड़ा उज्जैन से पधारी कथा वाचिका देवी सुश्री वर्षा नागर ने राम कथा, कृष्ण जन्म कथा के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कथा का वृतांत सुनाया। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे। संत वर्षा नागर ने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत कथा अद्भुत है। कलयुग में सच्चे मन से भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब तब परमात्मा अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं। कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है। राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्याभिषेक पर सुन्दर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढ़े तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई।कहा भागवत कथा तन-मन को पवित्र करती है। वर्तमान समय में भागवत एवं सत्संग का हमारे जीवन में महत्व है।

## प्रवचनः सरगोंड में संगीतमय भक्ति सत्संग श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ जारी





### सुखमय जीवन के लिए माता-पिता की सेवा करें

जितने वेद-वेदांत, पुराण हैं सभी का निचोड़ भागवत कथा में है। इससे पहले कथा में धुंधकारी व गो करण की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा मनुष्य को अगर जीवन सुखमय बिताना हो तो उसे हमेशा अपने माता-पिता या किसी ब्राह्मण, संत, गुरु के शरण में रहना चाहिए। साध्वी कथावाचिका ने परीक्षित जन्म, श्रीराम जन्म, श्रीराम कथा, कृष्ण जन्म प्रसंग पर इससे पहले चार दिन की कथा में सुना चुके हैं। इस मौके पर आयोजन व्यवस्था में विशेष सहयोग कनक सिन्हा, तारकेश्वरी सिन्हा, हूकुम, टेमिन, दशरथ सिन्हा, रोहणी, नरोत्तम, दाउ लाल, प्रहलाद, मुरलीधर, ईश्वर, हूमेन्द्र, बाबूलाल, नारद, गोसाई, सम्पत, खम्हन, मुलचंद, भुनेश्वर सिन्हा, चूनेश्वरी, लीला राम सिन्हा, तान्या, लक्की, नरेश, सरस्वती, मीना, पुष्पा, भीषम, अनिता नीलम, कमलेश्वरी, भुमिका, टेमिन, खेमिन,भानदेवी, सुनिती, दूर्गा प्रसाद सिन्हा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गौरव शर्मा जिला सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त

**अभनपुर**। भारत सरकार के केन्द्रीय युवा मामले व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला महामंत्री एवं नवारायपुर ग्राम पौंता सरपंच गौरव शर्मा को नेहरू युवा केन्द्र के जिला सलाहकार समिती में सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा के सामाजिक,शिक्षा एवं संस्कृति क्षेत्र मे निरंतर सेवा कार्यो के परिणामस्वरूप यह नियुक्ति किया गया है। नवीन दायित्व मिलने पर गौरव शर्मा ने विधायक इन्द्रक कुमार साहू, पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू, पूर्व जिपं.अध्यक्ष अशोक बजाज सहित संगठन के वरिष्ठजनों के प्रति आभार जताया है।



### शराब पिलाने की सुविधा देने पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। कोमाखान पुलिस ने लोगों को शराब पिलाने की सुविधा देने वाले कन्हैया लाल धीवर पिता रामचंद्र (46) साल ग्राम लुकुपाली के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद**। सिंघोड़ा मंदिर पहाड़ के पीछे ग्राम मुरैन के निवासी अनंत भोई पिता निरंजन भोई (42) ने अज्ञात वजहों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर सिंघोड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दो थानों में मारपीट के दो मामले

**महासमुंद**। बागबाहरा एवं महासमुंद थानों में मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम चारभांठा बागबाहरा के निवासी प्रेमलाल धृतलहरे पिता पुनीतराम (44) के साथ गांव के नीलकंठ ब्रम्हदेव पिता धरमु ब्रम्हदेव व अन्य दो लोगों ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मनीराम पैकरा पिता रामजी पैकरा (34) ग्राम दशरमा भटगांव जिला बलौदाबाजार के साथ सिध्दू सेंद्रे एवं उसके दो अन्य साथी निवासी ने कांग्रेस चौक के पास गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध कायम किया गया है।

## वार्षिकोत्सव : ग्राम गरहाडीह में संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव का किया गया आयोजन

# संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव में थिरके बच्चों के कदम, तालियों से गूंजा स्कूल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी जंगल रखतारा... झारा झारा नेवता...रुनुक झुनुक पैरी बाजे...मया के बोली बोले जैसे छत्तीसगढ़ी गीतों पर स्कूली बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। अवसर था संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का। बुधवार को हाई स्कूल गरहाडीह में एक दिवसीय संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में कुल तेरह स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने एक से बढ़कर एक डांस की प्रस्तुति दी। वहीं आंगनबाड़ी के नन्हे कलाकार कुमारी तनुजा ने तोर लाली गुलाबी सुरता गीत में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने शिक्षा पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में स्वंय से कॉम्पिटिशन करें और बेहतर शिक्षा लेकर समाज का विकास करें। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र की शिक्षा स्तर को सुधारने में शिक्षकों के अलावा पालक भी एक कदम आगे बढ़कर सहयोग करें। ताकि स्कूल के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश की तरक्की में अपना योगदान दे। इसके बाद मैनपुर बीआरसीसी शिवकुमार नागे ने इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। श्री नागे ने इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रसंसा की और उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचल में इस तरह का कार्यक्रम होना बच्चों को नया प्लेटफार्म देने जैसा है। उन्होंने बच्चों को सभी विधाओं में भाग लेने कहा। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपसरपंच शंकरलाल नेताम, भानु नेताम, दैनिक मंडावी, सखा मरकाम, दसनाथ मरकाम, हेमराज यादव, लक्ष्मीनाथ नेताम, बरातूराम मरकाम, रामचंद परदे, सुखचंद परदे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित थे।

- कार्यक्रम में बीआरसीसी शिवकुमार नागे ने की शिरकत







### बेटी बचाओ नाटक का किया मंचन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद हाई स्कूल गरहाडीह के छात्राओं ने बेटी बचाओ नाटक का शानदार मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से छात्राओं ने बेटी के जीवन में होने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही बेटी को जन्म से पहले कोख में उनकी हत्या नहीं करने की अपील भी की।

इनकी रही उपस्थिति

संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव में संकुल प्राचार्य बुन्देश्वरी लोधी, संकुल समन्वयक विवेकानंद कश्यप, हेमराज सिंह ध्रुव, श्यामलाल ध्रुव, देवशंकर नेताम, रमेश मरकाम, मनोज ढीमर, सीमा दास, अनुपमा तिग्गा, संतोष कुमार ध्रुव, टिकनेश्वर प्रताप सिंह, सुरेश नेताम सहित सभी स्वीपर और रसोईया एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# गांधी की पुण्यतिथि पर हुई विविध कार्यक्रम



**मुड़ागांव(कोरासी)**। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 30 जनवरी को शासकीय प्रथामिक शाला सतनामी पारा रानीपरतेवा में विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। राधिका साहू प्रधान पाठक ने छात्र- छात्राओं को स्वच्छता के बारे में साथ ही सर्व धर्म सम भाव जो महात्मा गांधी के मूल उद्देश्य रहा देश की एकता एवं अखंडता के लिए उन्हें बताया। हेमलता सिन्हा शिक्षिका ने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके प्रिय भजनों की सुन्दर प्रस्तुति दी। शिक्षक देवनारायण यदु ने संकल्प पत्र का वाचन कर नशामुक्त जीवन जीने के लिए महात्मा गांधी के मुल उद्देश्य को छात्र-छात्राओं को बताया।

## पुण्यतिथि पर गांधी को दी गई श्रद्धांजलि




**फिंगेश्वर**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और प्रेम के आदर्शों ने न केवल भारत पर बल्कि पूरे विश्व पर अमिट छाप छोड़ी है। इस मौके पर प्राचार्य पूरन लाल साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, दुष्यंत साहू, तोमन साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# पीएम आवास के पात्र हितग्राहियों का नाम सूची में शामिल करें : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जनपद पंचायत अभनपुर की सामान्य सभा की बैठक में प्रथम बार पहुंचे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने जनपद द्वारा संचालित केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओ के क्रियान्वयन की जानकारी ली। तथा प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि व राशन वितरण व्यवस्था आदि विषयों पर उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में कई पात्र हितग्राहियों का नाम सूची से अलग हो गया है। ऐसे हितग्राहियों का नाम सूची में शामिल करें एवं राशन की वितरण व्यवस्था में गांव से शिकायते प्राप्त हो रही है। उसमें तत्काल सुधार लाये तथा संबंधित कर्मचारी के लापरवाही पर कार्यवाही करें। शासन के योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले अधिकारियो को निर्देश दिया कि आम जनता को छोटे -छोटे कार्यों के लिए कार्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। जनता को वास्तविक जानकारी देकर समस्या का निराकरण किया जाये। सामान्य सभा की बैठक में जनपद अध्यक्ष देवनंदनी साहू, उपाध्यक्ष राजू बारले, अनुविभागीय अधिकारी नवीन ठाकुर, तहसीलदार रामप्रसाद बघेल सीईओ राजेन्द्र पांडेय, जनपद सभापति, सदस्य सहित सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय भव्य मानस गान सम्मेलन 16 से

**छुरा**। ग्राम गिधनी में 16 से 19 फरवरी तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें 16 फरवरी शुभारंभ दोपहर 3.00 बजे कलश यात्रा,17 को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक माधुरी महिला मानस परिवार, नहरगांव, गरियाबंद, 4:30 से 7:30 सुभाजंली मानस परिवार, बरगाही, राजनांदगांव द्वितीय दिवस 18 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक साधना सरगम महिला मानस परिवार, बहेराबुडा, गरियाबंद,1:30 से 4:30 श्रीराम दरबार मानस परिवार, चितमखार, महासमुंद, शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक मंदाकनी मानस परिवार, नुनछापर, कवर्धा, तृतीय दिवस 19 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक भुमिजा महिला मानस परिवार, गुढ़ियारी, रायपुर, दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक राजहंस मानस परिवार, अम्बागढ़ चौकी, राजनांदगांव, शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक - मोर मयारू मानस परिवार, गुदगुदा, धमतरी होंगे। छत्तर सिंह अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, गिधनी ने बताया कि इस प्रकार का यह क्षेत्र में पहला आयोजन है। जिसमें प्रदेश की ख्याति प्राप्त मंडली अपनी प्रस्तुति देंगे। पूरे तीन दिन गांव में भक्ति मय वातावरण रहता है और सभी लोग अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर दीप जलाकर सभी अतिथियों का स्वागत करते हैं। और ग्राम से सभी के लिए सामूहिक भोज की भी व्यवस्था रहती है पूरा गांव दिनभर रामायण के कार्यक्रम और आने जाने वाले मेहमान के स्वागत में व्यस्त रहते हैं और पूरा गांव तीन दिन तक राम मय हो जाते हैं।

# परसदाकला में पीएम की परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**फिंगेश्वर**। संकुल केंद्र परसदाकला में परीक्षा पे चर्चा का सीधा संवाद गरियाबंद जिला के अंतर्गत विकासखंड फिंगेश्वर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय परसदाकला मे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का एडिक सॉल्यूशन कंपनी द्वारा स्कूल में स्थापित प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण देखा गया।

डिस्टिक कोर्डिनेटर दुष्यंत साहू एवं कंप्यूटर शिक्षक तेजश यदु द्वारा लाइव भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के विभिन्न राज्य के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालको से परीक्षा की संबंध में सीधा संवाद किया गया।

विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा के समय होने वाली तनाव, प्रतिस्पर्धा, पालको का दबाव तथा परीक्षा के नाम सुनकर होने वाली परेशानियों को किस प्रकार दूर किया जा सकता है। इन तमाम विषयों पर माननीय प्रधानमंत्री से हल एवं मार्गदर्शन चाहा गया। जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बारी–बारी से बच्चों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने परीक्षा को भयमुक्त एवं तनाव रहित भविष्य सवारने हेतु सफलता के अनेक मंत्र दिए। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला, पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदाकला के कक्षा छठवीं से 12 वीं तक अध्ययन करने वाले सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य नारायण ठाकुर, व्याख्याता गिरवर यादव, संकुल समन्वयक टोकेश साहू ग्राम सरपंच, जनभागीदारी सदस्यगण एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं ने हिस्सा लेकर बच्चों को प्रेरित किया गया।






# बेटियों को सशक्त बनाने के लिए मनाया जाता है बालिका दिवस

**फिंगेश्वर**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में राष्ट्रीय बालिका दिवस पुष्पलता यादव सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग फिंगेश्वर एवं देमीन पीलाचंद मांडले सरपंच ग्राम पंचायत बिजली की उपस्थिति में मनाया गया। वहीं रैली निकाल कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारों के साथ ग्रामवासियों को बालिका शिक्षा की ओर प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पुष्पलता यादव ने महिला एवं बालिकाओं के लिए चल रहें विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि घरेलू हिंसा अर्थात कोई भी ऐसा कार्य जो किसी महिला एवं बच्चे के स्वास्थ्य, सुरक्षा, जीवन पर संकट, आर्थिक क्षति और ऐसी क्षति जो असहनीय हो तथा जिससे महिला व बच्चे को दुख एवं अपमान सहन करना पड़े। इन सभी को घरेलू हिंसा के दायरे में शामिल किया जाता है। घरेलू हिंसा का अर्थ जीवन, अंग, स्वास्थ्य, सुरक्षा, कल्याण को चोट या खतरा पैदा करना है। प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि देश की बेटियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को मनाया जाता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य देश की बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इसके अलावा समाज में उनके विकास के लिए समान अवसर और सम्मान दिलाने की ओर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करना है।

- बालिकाओं के लिए चल रहें योजनाओं की गई जानकारी





### विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

विद्यालय में बालिकाओं के लिए रंगोली, बिंदी लगाओ एवं प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में गीता साहू प्रथम व मधु साहू, लोकेश्वरी, तुलसी निषाद द्वितीय स्थान पर रही। प्रश्न मंच में भारती दास प्रथम एवं अर्पिता साहू द्वितीय, वहीं बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में तारिणी साहू प्रथम एवं हसीना निषाद द्वितीय स्थान पर रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास विभाग फिंगेश्वर द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**ये रहे उपस्थित** : इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरे, सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुरईन निषाद, दुर्गा दास, सहायिका गोमती निषाद, यामिनी देवदास, फूलमती एवं भृत्य आकाश सूर्यवंशी उपस्थित थे।




